परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय - 6

कार्य पत्रक (2) , सत्र 20-21

हिन्दी (द्वितीय भाषा)

पाठ - 3 , बस की यात्रा

1. पाठ 'बस की यात्रा' में बस कंपनी वालों की लालच और उनके स्वार्थ के माध्यम से समाज किस प्रकार की व्यवस्था पर चोट किया गया है ?

उत्तर - इस पाठ के माध्यम से लेखक ने बस कंपनी वालों के लालच और स्वार्थ पर करारा चोट किया है कि किस प्रकार केवल अपना फायदा कमाने के लिए वह इस प्रकार की बसों में यात्रियों को ले जाते है जबकि इस तरह की बसों से कभी -भी कोई दुर्घटना भी हो सकती है | बस का नवीनीकरण करा कर बस की हालत को सुधारा भी जा सकता है परन्तु इन सब में वह पैसा खर्च नहीं करना चाहते हैं | केवल लाभ ही कमाना उनका उद्देश्य होता है |

2. कारक किसे कहते है ? कारक की परिभाषा तथा भेद लिखिए -

उत्तर - संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य की क्रिया से जाना जाए , उसे कारक कहते हैं | कारक को प्रकट करने के लिए जिन चिन्हों का प्रयोग किया जाता है उसे कारक की विभक्तियाँ या परसर्ग कहते हैं |

जैसे - 1. श्याम ने आम खाया | 2. पेड़ से पत्ते गिरते हैं | 3. तोता डाल पर बैठा है | आदि |

कारक के आठ भेद है -

क्रम	कारक	विभक्ति चिन्ह
1.	कर्ता कारक	ने
2.	कर्म कारक	को
3.	करण कारक	से (के द्वारा या माध्यम)
4.	सम्प्रदान कारक	को , के लिए
5.	अपादान कारक	से (अलग होना के अर्थ में)
6.	सम्बन्ध कारक	का , की , के ,/ रा,री रे

7.	अधिकरण कारक	में , पर
8.	संबोधन कारक	हे ! अरे ! अहो !

प्रश्न - 3. रेखांकित शब्दों में आए कारक का नाम लिखिए -

(i) सीता ने खाना खाया | -------(कर्ता)-------

(ii) हिमालय से गंगा निकलती है | --(अपादान)-----------

(iii) दादाजी कमरे में हैं | -----(अधिकरण)------------------------

(iv) श्याम ने मोहन को मिठाई खिलाई | ------(कर्म)----------

(v) हे गुरुश्रेष्ठ ! आपको प्रणाम है | -----(संबोधन)-----------

प्रश्न - 4. करण और अपादान कारक में अंतर स्पष्ट कीजिए -

उत्तर - करण कारक का विभक्ति चिन्ह 'से' होता है और अपादान कारक का भी विभक्ति चिन्ह 'से' होता है परन्तु दोनों का प्रयोग अलग अर्थों में होता है | करण कारक के लिए 'से' का अर्थ किसी माध्यम या द्वारा से | जैसे - शिक्षक कलम से लिखता है |

अपादान में अलग होने अर्थ में 'से' का प्रयोग होता है | जैसे - पेड़ से पत्ते गिरते है |

प्रश्न - 5. अधिकरण कारक के दो उदाहरण लिखिए -

उत्तर - 1. जल में मछली तैर रही है |

2. पेड़ पर बन्दर बैठा है |

(द्वारा - श्रीमती अंजना माझी)

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 6 -

कक्षा - आठ

हिन्दी

पाठ तीन (बस की यात्रा)

कार्य पत्रक - 3 (बहुविकल्पीय प्रश्न) -

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए -

1. लेखक और उसके मित्र मिलाकर कुल कितने लोग शाम की बस से यात्रा करने वाले थे ?
(क) तीन (ख) चार <u>(ग) पाँच</u> (घ) छः

2. इस पाठ के लेखक कौन हैं ?
(क) भगवती चरण वर्मा (ख) राम दरश मित्र (ग) कामतानाथ <u>(घ) हरिशंकर परसाई</u>

3. पन्ना से सतना के लिए बस कितनी देर बाद मिलती है ?
(क) आधा घंटा <u>(ख) एक घंटे बाद</u> (ग) दो घंटे बाद (घ) प्रातःकाल

4. उस बस में बस के कौन सवार थे ?
(क) चौकीदार <u>(ख) हिस्सेदार</u> (ग) दावेदार (घ) इनमे से कोई नहीं

5. इस पाठ में गाँधी जी के किस आन्दोलन का उल्लेख किया गया है ?
(क) सविनय अवज्ञा (ख) असहयोग <u>(ग) उपर्युक्त दोनों</u> (घ) इनमे से कोई नहीं

6. लेखक हरे-भरे पेड़ों को क्या समझ रहा था ?
(क) जीवनदाता (ख) मित्र <u>(ग) शत्रु</u> (घ) शुभचिंतक

7. यह बस कहाँ की ट्रेन मिला देती थी ?
(क) सतना की (ख) पन्ना की <u>(ग) जबलपुर की</u> (घ) भोपाल की

8. '<u>समझदार</u> आदमी' रेखांकित शब्द क्या है ?
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) क्रिया <u>(घ) विशेषण</u>

9. 'वृद्धा की आँखों की ज्योति जाने लगी' का यहाँ पर क्या अर्थ है?
(क) किसी बूढ़ी का अंधे हो जाना (ख) कुछ सुझाई न देना
<u>(ग) बस की हेडलाईट खराब हो जाना</u> (घ) इनमे से कोई नहीं

10. 'दुर्लभ' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) लाभ न होना (ख) दुष्प्राप्य (कठिनता से प्राप्त होने वाला) (ग) लोभी होना (घ) लोभनीय

11. 'निमित्त' का अर्थ है -

(क) उपाय (क) कारण (बहाना) (ग) निर्मित (घ) इनमे से कोई नहीं

12. 'कूच करना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(क) वापस लौटना (ख) प्रस्थान करना (ग) शुभकामनाएँ देना (घ) कुछ कहना

13. 'आगा -पीछा' करना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(क) निर्णय न ले पाना (ख) आगे -पीछे जाना (ग) पहले और बाद की सोचना (घ) ऊपर नीचे जाना

14. 'रंक' का क्या अर्थ है ?

(क) धनी (ख) राजा (ग) साधू (घ) भिखारी

15. 'वृद्धावस्था' का उचित सन्धि विच्छेद विकल्प चुनिए -

(क) वृद्ध + अवस्था (ख) वृद्धा + वस्था (ग) वृद्धा + अवस्था (घ) वृद्ध + वस्था

16. 'असहयोग' शब्द में से सही उपसर्ग का सही विकल्प क्या होगा ?

(क) सह (ख) अ (ग) योग (घ) सहयोग

17. 'दुर्लभ' का विलोम शब्द क्या होना चाहिए -

(क) सुलभ (ख) मुश्किल (ग) लालच न होना (घ) इनमे से कोई नहीं

18. 'ग्लानि' का अर्थ क्या होना चाहिए -

(क) गल जाना (ख) गलती का अहसास होने पर अफ़सोस करना

(ग) प्रसन्न होना (घ) दुखी होना

19. "जान हथेली पर लेना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(क) जान की परवाह न करना (ख) खतरे से बचना

(ग) खतरे का आभास होना (घ) इनमे से कोई नहीं

20. 'इत्तफ़ाक' का सही अर्थ चुनिए -

(क) अचानक (ख) संयोग (ग) पूर्व निर्धारित (घ) कभी -भी

(श्रीमती - अंजना माझी)